(d) whether any construction of buildings, other requisite needs have been undertaken by the State Government in order to take an appropriate decision by the Madras High Court on the issue; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS. (SHRI H.R. BHARDWAJ): (a) The requisite information is awaited from the Government of Tamil Nadu and will be laid on the Table of the House on its receipt.

(b) to (e) In her letter dated 7.8.91, the Chief Minister of Tamil Nadu had undertaken to provide all necessary infrastructural facilities indicated by the Madras High Court for estalishing a Bench of the High Court at Madurai. The position was intimated to the Chief Justice of the High Court vide Central Government's letter dated 4.11.91 under intimation to the Chief Minister, which happens to be the last communication from the Central Government to the State Government on the issue. The Chief Justice of the High Court intimated vide his letter dated 12.11.91 that the High Court had constituted a committee of three Judges to submit a report regarding the requirements for the estblishment of High Court Bench at Madurai. The Chief Justice has further intimated vide his letter dated 11.1.95 that the Committee constituted on 12.8.91 did not give its report and two of the Judges of the Committee are no longer with the High Court. Therefore, a new Committee has been constituted. Thus no complete proposal has been received from the Government of Tamil Nadu, in consultation with the Chief Justice of Madras High Court. As such it has not been possible for the Central Government to consider the recommendations of the Jaswant Singh

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस संयंत्र

4814. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गए बायोगैस संयंत्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राज्य में उन ग्रामों की संख्या क्या है जिन्होंने सामूहिक आधार पर बायोगैस संयंत्रों को स्थापित करने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना करने के लिए वर्ष 1995 और 1996 हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) (क) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1992-93 से 1994-95 (फरवरी, 1995 तक) के दौरान कुल 30,000 से अधिक परिवार आकार के और 104 सामुदायिक, संस्थागत और बिष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की है। जिलावार सूचना संलग्न विवरण में दी गई है **(नीचे देखिए)**। इसके अलावा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग तथा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में इसी अवधि के दौरान क्रमशः लगभग 14,200 और 580 परिवार आकार के बायोगैस संयंत्र लगाए जाने की सूचना है।

(ख) राज्य नोडल एजेंसी नामतः अपारंपरिक ऊर्जा विकास एजेंसी (नेडा) को इस समय किसी गांव से सामूहिक आधार पर बायोगैस संयंत्र की स्थापना के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि उत्तर प्रदेश राज्य के लिए वर्ष 1995-96 में 45 सामुदायिक, संस्थागत और बिष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लक्ष्य का प्रस्ताव किया गया है।

(ग) जी हां।

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य को वर्ष 1995-96 के लिए 10,000 परिवार आकार के बायोगैस संयंत्र स्थापित करने का अनंतिम लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके अलावा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग तथा अखिल, भारतीय महिला सम्मेलन को आवंटित समग्र लक्ष्य में से उत्तर प्रदेश राज्य हेतु लगभग 5000 संयंत्रों के लक्ष्य का प्रस्ताव किया गया है।

विवरण

उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1992-93 से 1994-95 (फरवरी 1995 तक) के दौरान स्थापित किए गए परिवार आकार के और सामुदायिक, संस्थागत और विष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्रों की राज्यवार संख्या

जिला	स्थापित किए गए बायोगैस संयंत्रों की संख्या	
	परिवार आकार के संयंत्र	सामुदायिक, संस्थागत और विष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्र
आगरा	283	1
अलीगढ़	797	—
इलाहाबाद	846	1
अल्मोड़ा	47	1
आजमगढ़	600	1
बहराइच	542	1
बलिया	379	1
बांदा	187	—
बाराबंकी	460	2
बरेली	604	1
बस्ती	379	—
बिजनौर	780	5
बदायूं	1011	—
बुलन्दशहर	826	—
चमौली	58	—
देहरादून	189	10
देवरिया	591	—
एटा	456	—
इटावा	760	2
फैजाबाद	506	—
फरुखाबाद	512	—
फतेहपुर	517	—
गढ़वाल	51	—
गाजियाबाद	645	3
गाजीपुर	887	2
गोंडा	600	—
गोरखपुर	730	3
हमीरपुर	191	—
हरदोई	767	1
जालौन	160	2
जौनपुर	755	—
झांसी	115	—
कानपुर (ग्रामीण)	951	—
कानपुर (शहरी)	117	27
खीरी	589	4
ललितपुर	127	1
लखनऊ	444	7
मैनपुरी	273	—
मथुरा	216	2
मेरठ	1044	2
मिर्जापुर	252	—
मुरादाबाद	886	—
मुजफ्फरनगर	769	—
नैनीताल	581	—
पीलीभीत	234	—
पिथौरागढ़	53	—
प्रतापगढ़	465	—
राय बरेली	908	6
रामपुर	778	—
सहारनपुर	814	—
शाहजहांपुर	702	3
सीतापुर	761	2
सुल्तानपुर	54	—
टेहरी-गढ़वाल	656	—
उन्नाव	35	1
उत्तरकाशी	1058	—
वाराणसी	352	—
हरिद्वार	226	—
मऊ	192	—
सिद्धार्थनगर	152	—
फिरोजाबाद	207	—
दूधहट	15	—
सोनभद्रा	126	—
महाराजगंज	117	3
जोड़	30395	104